प्रेस विज्ञप्ति/प्रकाशनार्थ

18 सितम्बर 2021

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महानगर एव जिला इकाई गोरखपुर द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गोरखनाथ ब्लड बैंक मे किया गया।

आधुनिक भारत के शिल्पकार विश्व पटल पर भारत के मान सम्मान स्वाभिमान का ध्वज शान से लहराने वाले भारत के करोड़ों दिलो पर राज करने वाले रक्तदानी,यशस्वी, प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के 71 वें जन्मदिन पर सेवा एव समर्पण अभियान के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महानगर एव जिला इकाई गोरखपुर द्वारा एक विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन गोरखनाथ ब्लड बैंक में हुआ जिसमे 71 लोगो ने रक्त दान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी महाराज,भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री पुरुषार्थ सिंह जी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दुर्गेश दुबे नीरज जी
कार्यक्रम के जिला संयोजक और जिला मंत्री श्वेत विकास पाण्डेय जी महानगर अध्यक्ष सत्यार्थ मिश्रा जी, महानगर संयोजक सुभम सिंह जी इत्यादि उपस्थित रहे।

इस रक्तदान शिविर मे श्री श्वेत विकास पाण्डेय, आशीष ओझा, अमित सिंह, अतुल सिंह राकेश सिंह, गौरव गुप्ता, रजत गुप्ता, विशाल सिंह, चन्दन यादव, सत्यम मिश्रा इत्यादि ने रक्तदान किया कार्यक्रम ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर अवधेश अग्रवाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ इसमें तकनीशियन अमित मिश्रा राजीव तिवारी, शोभा राय,चंद्रेश्वर इत्यादि की प्रमुख भूमीका रही।

इस कार्यक्रम मे चिकित्सालय के निदेशक मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी, उपर निदेशक डॉ कामेश्वर सिंह, चिकत्सक गण, कर्मचारी,पत्रकार बंधु, नगर के गणमान्य नागरिक जन उपस्थित रहे।

वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई।